# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 13.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा सीमा सुरक्षा बल/कस्टम,IB,LIU,सर्विलान्स सेल की उपस्थिति में थाना कपिलवस्तु पर "ऑपरेशन कवच" (एण्टी स्मगलिंग ड्राइव टीम रोस्टर) के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आज दिनांक 13.07.2025 को थाना कपिलवस्तु पर "ऑपरेशन कवच" (एण्टी स्मगलिंग ड्राइव टीम रोस्टर) के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके सुझावों को नोट किया गया । समितियों से अपराध एवं अपराधियों के संबंध में सूचनाएं साझा करने का आग्रह किया गया, ताकि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थानाध्यक्ष कपिलवस्तु बृजेश सिंह को निर्देशित किया गया कि ग्राम सुरक्षा समिति में अच्छी छवि वाले नए सदस्यों को शामिल किया जाए, ताकि समिति की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि हो। इस दौरान यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि अपराधियों एवं तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस जनता के सहयोग से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है । जनता से अपील है कि वे पुलिस के साथ यथा सम्भव सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस स्टेशन को दें। गोष्ठी के दौरान एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट आशीष राघव मय टीम, कस्टम इंस्पेक्टर गोपाल कृष्ण शुक्ला

मय टीम, इन्टेलीजेन्स ब्युरो नीरज मीना, थानाध्यक्ष कपिलवस्तु बृजेश सिंह, कवच सेल प्रभारी उ0नि0 रामकुमार यादव मय टीम, चौकी प्रभारी बजहा उ0नि0 अमला यादव, सर्विलांस सेल एवं एलआईयू तथा थाना कपिलवस्तु अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 13.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति फेज-5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में जनपद के भिन्न-भिन्न थानों की महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में महिलाओ को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज-05 अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 13.07.2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद के भिन्न-भिन्न थानों की महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में महिलाओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे व ट्रैफिक नियम के बारे मे जानकारी दी गई तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावरलाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनांक 13.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ थानाध्यक्ष पथरा बाजार द्वारा त्यौहार श्रावण मास के दृष्टिगत ग्राम चौकीदारों के साथ की गयी गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस, अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में अमित कुमार, थानाध्यक्ष पथरा बाजार द्वारा आज दिनांक 13.07.2025 को थाना स्थानीय पर त्यौहार श्रावण मास के संबंध में त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के ग्राम चौकीदारों से त्यौहार को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 13-07-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र /नई-किरण(टूटते परिवार को  जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत भाग्यवती पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा तलाक की कगार पर खड़े 11 जोड़ों को मध्यस्थता करके एक साथ रहने को राजी किया गया तथा 11 जोड़ों के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके टूटते परिवारो को बिखरने से बचाया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन,  पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 13.07.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 13 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 11 पत्रावली का सफल निस्तारण कर, 11 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 11 परिवारों को बिखरने से बचाने में भगवती पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर, काउंसलिंग टीम में उ0नि0 राम नारायन शुक्ला, उप निरीक्षक मीरा वर्मा, म0हे0का0 सत्या त्रिपाठी, सविता सिंह, महिला आरक्षी प्रियंवदा सिंह, नेहा सिंह, संगीता गौतम, शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

निस्तारित पत्रावली का विवरण निम्न हैं.

01.मनीषा पत्नी चंद्रकेश निवासी अतरी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मीरा पत्नी शिवप्रसाद निवासी इटवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

03.मंजू पत्नी धर्मजीत निवासी अमोली थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

04.तकसीरू निशा पत्नी हजरत अली निवासी मसीना खास थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

05. चंद्रकला पत्नी महेंद्र निवासी राप्ती नगर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

06. क्षमा गुप्ता पत्नी जीतू निवासी कृष्णा नगर सेखुई थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

07. सुमन पत्नी जयप्रकाश निवासी पटनी जंगल थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

08. बंदना पत्नी बृजेश निवासी विनयका थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

09.नुजहर पत्नी दिनेश यादव निवासी ठाकुरपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
10.सीमा पत्नी बजरंगी निवासी तिलौरा थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
11.तकसिरुन्निसा पत्नी मोहम्मद आरिफ निवासी महुआ खुर्द इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।